समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# SPG का डायरेक्टर ज्यादा पावरफुल या पुलिस का DGP, जाने किसकी सैलरी होती है ज्यादा ?

Publisher

Published on 05 May 2025




## देश की सुरक्षा व्यवस्था मे कौन सबसे ताकतवर ? राज्य की कमान संभालने वाले DGP या प्रधानमंत्री की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले SPG डायरेक्टर ? जानिए कौन है अधिक शक्तिशाली.

भारत में सुरक्षा और कानून व्यवस्था के दो प्रमुख स्तंभ हैं. राज्य पुलिस बल के प्रमुख डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (DGP) और प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तैनात विशेष बल स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (SPG) के डायरेक्टर. दोनों ही पद बेहद महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इनकी शक्तियां, जिम्मेदारियां और वेतन संरचनाएं अलग अलग हैं. आइए, इन दोनों पदों की तुलना करते हैं.

DGP- राज्य पुलिस का सर्वोच्च अधिकारी
DGP, भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पुलिस बल का सर्वोच्च अधिकारी होता है. यह पद भारतीय पुलिस सेवा (IPS) के अंतर्गत आता है और तीन सितारा रैंक प्राप्त होता है. DGP की नियुक्ति राज्य सरकार करती है और यह राज्य की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और पुलिस प्रशासन की निगरानी करता है. आपको बता दें कि DGP सीधे राज्य के गृह मंत्रालय और सीएम को रिपोर्ट करता है.

वेतन- DGP का मासिक वेतन 2,25,000 रुपये होता है, जो पे लेवल 17 एपेक्स स्केल में आता है.
जिम्मेदारियां- राज्य की पूरी पुलिस व्यवस्था की निगरानी, अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था बनाए रखना और पुलिस बल का नेतृत्व करना.

SPG डायरेक्टर- प्रधानमंत्री की सुरक्षा का प्रमुख
SPG, भारत के प्रधानमंत्री और उनके परिवार की सुरक्षा के लिए गठित एक विशेष बल है, जो केंद्रीय कैबिनेट सचिवालय के अधीन

कार्य करता है. SPG डायरेक्टर इस बल का प्रमुख होता है और प्रधानमंत्री की सुरक्षा रणनीतियों, योजना और क्रियान्वयन की जिम्मेदारी संभालता है.

वेतन- SPG डायरेक्टर का वेतन सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है, लेकिन यह अनुमानित है कि यह केंद्रीय सचिव स्तर के अधिकारियों के समकक्ष होता है, जो 2,25,000 रुपये प्रति माह के आसपास हो सकता है.

जिम्मेदारियां- प्रधानमंत्री और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करना, सुरक्षा योजनाओं का निर्माण और क्रियान्वयन और SPG बल का नेतृत्व करना.

कौन है ज्यादा ताकतवर ?
DGP और SPG डायरेक्टर दोनों ही पद भारतीय सुरक्षा व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं. जहां DGP राज्य स्तर पर कानून व्यवस्था और पुलिस प्रशासन का नेतृत्व करता है, वहीं SPG डायरेक्टर राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री की सुरक्षा सुनिश्चित करता है. दोनों की भूमिकाएं, जिम्मेदारियां और प्रभाव क्षेत्र अलग-अलग हैं, लेकिन दोनों ही पद अत्यंत महत्वपूर्ण और सम्माननीय हैं.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.